# Result Mitra Daily Magazine

## Person in Maxico died of a bird flu, that hadn't be confirmed before in human

### हालिया संदर्भ-

- हाल ही में विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) ने मैक्सिको में बर्ड फ्लू के एक प्रकार एच5 एन2(H5N2) से एक इंसान के मौत की पुष्टी की है।
- विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार हालांकि ये स्पष्ट नहीं है कि वह व्यक्ति कैसे संक्रमित हुआ, लेकिन मैक्सिको के पोल्ट्री में H5N2 बर्ड फ्लू की सूचना मिली है।
- मैक्सिकन स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुवार 59 वर्षीय में मैक्सिकन नागरिक में पोल्ट्री या अन्य जानवर के संपर्क में नहीं आने के बावजूद H5N2 से संक्रमित था।

### बर्ड फ्लू क्या है?

- बर्ड फ्लू (Bird flu) को समान्य तौर पर एवियन (पंक्षी) इनफ्लूएंजा (फ्लू) टाइप ए (A) वायरस के संक्रमण के कारण होने वाली बीमारी के रूप में परिभाषित किया जाता है।
- एवियन इन्फ्लुएंजा या बर्ड फ्लू स्वाभाविक रूप से दुनिया भर के जंगली, जलीय पक्षियों, घरेलू मुर्गीपालन और अन्य पशु और पंक्षी की प्रजातियों को संक्रमित कर सकता है।
- एवियन इन्फ्लूएंजा बर्ड फ्लू का संक्रमण चिकन, टर्की, गीस, मोर और बत्तख जैसी पक्षियों में तेजी से फैलता है।
- थाईलैंड के चिड़ियाघरों में सूअरों, बिल्लियों एवं बाघों में भी एवियन इन्फ्लुएंजा (वर्ड फ्लू) के संक्रमण की खबरें आयी हैं।

### एवियन इंफ़्लूएंजा के अन्य स्टेज-

- एवियन इंफ़्लूएंजा प्रकार के वायरस को उनकी सतहों पर दो प्रकार के प्रोटीन हेमाग्सगुटिनिन (HA) और न्यूरोमिनिडेज (NA) के आधार पर वर्गीकृत किया जाता है।
- इस प्रकार एवियन इंफ़्लूएंजा वायरस को लगभग 18 HA और 11 NA उप प्रकार हैं।
- इन दोनों प्रोटीनों से मिलाकर वायरस के कई संयोजन बन जाते हैं।
- इन संयोजनों में H5N1, H5N2, H7N2, H9N6, H17N10, H1N1, H1N2, आदि प्रमुख हैं।

Result Mitra



## एवियन इन्फ्लूएंजा के मनुष्यों में संक्रमण-

- आमतौर पर एवियन इन्फ्लूएंजा से संक्रमित मनुष्यों का संक्रमण संक्रमित मृत या जीवित पशु-पक्षीओं से सीधे संपर्क पर होता है।
- हालांकि अगर मनुष्य संक्रमित पशु-पक्षियों के स्थान पर जाता है तो वहाँ के वायु के संपर्क में आने से भी मनुष्यों में संक्रमण का खतरा रहता है।

## लक्षण-

- एवियन इनफ्लूएंजा एक वायरस संक्रमण है जो मनुष्य की श्वसन प्रणाली को प्रभावित करता है।

## अन्य लक्षण-

- बुखार, खांसी, गले में खराश
- मांसपेशियों में दर्द, मतली, पेट दर्द, दस्त, उल्टी
- गंभीर श्वसन संबंधी बीमारी जैसे सांस की तकलीफ, सांस लेने में कठिनाई, निमोनिया
- तंत्रिका संबंधी परिवर्तन जैसे परिवर्तित मानसिक स्थिति, दौरे पड़ना आदि।

## एवियन इंफ़्लूएंजा (इतिहास)

- एवियन इंफ़्लूएंजा को शुरुआत में 'फाऊल प्लेग' के रूप में जाना जाता था।
- वर्ष 1878 में ही अन्य बिमारियों से अलग किया था जो पक्षियों में उच्च मृत्यु दर के लिए जिम्मेदार थी।

Result Mitra

- 1990 के दशक में दुनियाभर में पोल्ट्री फार्म की अप्रत्याशित वृद्धि के कारण एवियन इंफ़्लूएंजा के प्रसार में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।
- एवियन इन्फ्लूएंजा का मानव संक्रमण पहली बार 1997 में हांगकांग में रिपोर्ट किया गया था।

## एवियन इंफ़्लूएंजा का वैश्विक प्रसार-

- विश्व स्वास्थ्य संगठन के रिपोर्ट के अनुसार एवियन इन्फ्लुएंजा का प्रसार मुख्य रूप से अमेरिका, एशिया, अफ्रीका तथा यूरोप के 60 से अधिक देशों में हुआ है।

## जनवरी 2017 (चीन)-

- जनवरी 2017 को चीन के राष्ट्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार नियोजन आयोग ने एवियन इंफ़्लूएंजा वायरस H7N9 के 106 मामले की जानकारी विश्व स्वास्थ्य संगठन को दी।
- इन 106 मामले में लगभग 35 मौतें हुई थी।

## 2014-15 (संयुक्त राज्य अमेरिका)-

- वर्ष 2014-15 के दौरान संयुक्त राज्य अमेरिका में एवियन इन्फ्लूएंजा वायरल H5N2 के सबसे बड़ा प्रकोप देखा गया।

## 2020 यूरोप-

- वर्ष 2020 के अंत एक बेल्जियम, डेनमार्क, फ्रांस, जर्मनी आयरलैंड, नीदरलैंड, स्वीडन और यूनाइटेड किंगडम सहित अधिकांश यूरोपीय देशों ने एवियन इन्फ्लूएंज के विभिन्न वायरस के किस्मों के प्रकोप की विश्व स्वास्थ्य संगठन से रिपोर्ट की गई।
- यूरोपीयन सेंटर फॉर डिजीज प्रिवेशन एंड कंट्रोल (ECDC) के एक रिपोर्ट के अनुसार इस दौरान यूरोप में एवियन इन्फ्लूएंजा वायरस की तीन वेरियंट H5N8, H5N5 तथा H5N8 के संक्रमण की बात कही गई।

## स्पेनिश फ्लू (1918-1920)-

- 1918-20 के दौरान फैली महामारी जिसे ग्रेट इन्फ्लूएंजा महामारी या स्पेनिश फ्लू भी कहा जाता है।
- H1N1 इन्फ्लूएंजा वायरस के कारण फैली यह वैश्विक महामारी का पहला प्रकोप 1919 में संयुक्त राज्य अमेरिका के कैनसस राज्य में देखा गया।
- 1920 के अंत तक H1N1 एवियन इंफ़्लूएंजा से लगभग दुनिया की एक तिहाई आबादी (500 मिलियन) संक्रमित हो चुकी थी जिनमें लगभग 17 मिलियन से 50 मिलियन लोगों की मौत की आशंका जताई गई।

Result Mitra

## एशियान फ्लू (H2N2)-

- 1957-58 के दौरान एशिया के दक्षिणी चीन के गुइझोऊ प्रांत से उत्पन्न H2N2 इंफ़्लूएंजा वायरस एक वैश्विक महामारी थी।
- इस महामारी के दौरान लगभग 1.4 मिलियन मौत होने का अनुमान लगाया जाता है।

## हांगकांग फ्लू (H3N2)

- एशिया के हांगकांग में उत्पन्न H3N2 इन्फ्लूएंजा वायरस 1968-69 के दौरान एक वैश्विक महामारी के रूप में फैली।
- इस दौरान महामारी के कारण लगभग 1 से चार मिलियन लोगों के मौत का अनुमान लगाया जाता है।
- विशेषज्ञों के अनुसार संभवत: हांगकांग फ्लू एशियन फ्लू (H2H2) के एंटीजन शिफ्ट से उत्पन्न हुआ था।

**महामारी (Pandemic) और स्थानिक (epidemic)**

## महामारी (Pandemic)-

- जब किसी रोग का प्रकोप एक स्थान या क्षेत्र तक सीमित न होकर दूसरे देश या दूसरे महाद्वीप तक होता है तो उसे महामारी (pandemic) कहा जाता है।

## स्थानिक (Epidemic)-

- जब किसी रोग का प्रकोप किसी निश्चित क्षेत्र में अधिक जनसंख्या को प्रभावित करती है तो वह स्थानिक (epidemic) कहलाती है।

## विश्व स्वास्थ्य संगठन (World Health Organisation)-

- विश्व स्वास्थ्य संगठन, संयुक्त राष्ट्र की एक एजेंसी है जो वैश्विक स्वर पर सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए काम करती है।

**स्थापना-** 7 अप्रैल 1948

**मुख्यालय-** जेनेवा (स्वीटज़रलैंड)

Result Mitra

- विश्व स्वास्थ्य संगठन मुख्य रूप से दुनिया भर में स्वास्थ्य एवं सुरक्षा बनाए रखने के लिए तकनीकी सहायता प्रदान करता है।
- अंतर्राष्ट्रीय स्वास्थ्य मानक निर्धारित करता है तथा वैश्विक स्वास्थ्य मुद्दे पर डेटा एकत्र करता है।

Result Mitra